RAF SECTOR
NEWS CLIP
05/02/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Anant News, Jaipur(RJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

अनंत न्यूज राजस्थान



जयपुर सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान करने वाली सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ राजस्थान सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। जयपुर के आमेर में लालवास स्थित रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन कैंपस में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक राजस्थान सेक्टर के मार्गदर्शन में 83 बटालियन द्रुत कार्य बल, 246 बटालियन और राजस्थान सेक्टर की ओर से महात्मा गाँधी और एसएमएस हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने राजस्थान सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पर अभिवादन किया। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि रक्तदान एक महानता का काम है, इससे बड़ा कोई दान नहीं होता है। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है तो वह सीधे तौर पर दूसरे व्यक्ति की जान को बचाता है । इससे कई मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। इसलिये हम रक्तदान को अपना कर्तव्य समझे। जवान केवल देश की सुरक्षा ही नहीं इस तरह के सामाजिक कार्य करके आम जनता या जरूरतमंद की जीवन रक्षा करते है। विक्रम सहगल, पुलिस महानिरीक्षक ने इस तरह के कार्य करने पर बटालियन के जवानों को धन्यवाद किया। और रक्तदान के महत्व को बताया और जवानों को भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ के कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर में बटालियन के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने स्वेच्छा से बढ़ चढ़ कर भाग लिया। करीब 125 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी 246 बटालियन राम चन्द्र, उप कमाण्डेन्ट बलबीर सिंह, नीरज मीणा, परमजीत सिंह, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार धाकड़, सहायक कमान्डेंट भानु प्रसाद मीना, श्रीराम शर्मा, मनोज गुप्ता डॉ. सुनीता बुंदास एसएमएस हॉस्पिटल, डॉ. राम मोहन जायसवाल महात्मा गाँधी हॉस्पिटल, 83 बटालियन द्रुत कार्य बल, 246 बटालियन और राजस्थान सेक्टर के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar, Babai(WB)

सीआरपीएफ जवान की सैनिक सम्मान से अंत्येष्टि, ड्यूटी पर गिरने से हो गए थे घायल

169 बटालियन दुर्गापुर पश्चिम बंगाल में कार्यरत हैड कांस्टेबल मनरुप सिंह

भास्कर न्यूज | बबाई

बबाई. बेटे प्रिंस को तिरंगा सौंपते सीआरपीएफ के अधिकारी।

दुर्गापुर पश्चिम बंगाल में कार्यरत ढाणी ढीमावाली तन हरडिया निवासी हैड कांस्टेबल मनरुप सिंह का ड्यूटी के दौरान फिसल कर गिर जाने से निधन हो गया। गिर जाने के बाद से वे बीमार चल रहे थे। मनरुप के भाई जसराम ने बताया कि चार जनवरी को वे अस्पताल में भर्ती हुए थे। इलाज के दौरान उनका निधन हो गया बुधवार को उनकी पार्थिव देह उनके गांव ढाणी ढिमावाली में लाई गई।

जयपुर से 83 आरएएफ के इंस्पेक्टर विकास चौधरी के साथ सात जवान जब उनकी पार्थिव देह लेकर गांव में पहुंचे तो शोक छा गया। हर कोई उनके घर पहुंचा और परिवार को सांत्वना दी। अपने लाडले को इस तरह देखकर लोगों के आंसू नही थम रहे थे। पत्नी कर्मजीत, बेटा प्रिन्स व बेटी पिंकी का रो रोकर बुरा हाल था। लोगों ने उन्हें बड़ी मुश्किल से संभाला। इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। आरएएफ के विकास चौधरी, भाजपा नेता धर्मपाल गुर्जर बबाई चौकी से हैड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार, राजेश कुमार चौधरी व नेमीचन्द गुर्जर और सरपंच हरडिया विजय कुमार ने पुष्प चक्र चढ़ाए। इस मौके पंचायत समिति सदस्य नौरंगलाल सैनी, पवन गुर्जर, सतपाल खटाणा, भाजपा मंडल महामंत्री छेलुराम भुरिया, मूलचंद मंगावा, रघुवीर पहलवान आदि सैकडों लोगों ने पुष्पांजलि देकर सैनिक को अंतिम विदाई दी।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।